The Offer is being made in terms of Rule 19(2)(b) of the SCRR read with Regulation 31 of the SEBI ICDR Regulations. The Offer is being made through the Book Building Process (Not defined hereinafter) in accordance with Regulation 6(2) of the SEBI ICDR Regulations wherein in terms of Regulation 32(2) of the SEBI ICDR Regulations, not less than 75% of the Net Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to QIBs (and such portion, the "**QIB Portion**") provided that our Company in consultation with the BRLMs, may allocate up to 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis in accordance with the SEBI ICDR Regulations ("**Anchor Investor Portion**"), of which, 40% of the Anchor Investor Portion shall be reserved in the following manner: (a) 33.33% shall be reserved for domestic Mutual Funds; and (b) 6.67% shall be reserved for Life Insurance Companies and Pension Funds, subject to valid Bids being received from domestic Mutual Funds, Life Insurance Companies and Pension Funds at or above the Anchor Investor Allocation Price. In the event of under-subscription or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares shall be added to the QIB Portion (excluding the Anchor Investor Portion) ("**Net QIB Portion**"). Further, 5% of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis only to Mutual Funds and the remainder of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIB Bidders (other than Anchor Investors) including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, not more than 15% of the Net Offer shall be available for allocation to Non-Institutional Bidders out of which (a) one-third of such portion shall be reserved for applicants with application size of more than ₹0.20 million and up to ₹1.00 million; and (b) two-third of such portion shall be reserved for applicants with application size of more than ₹1.00 million provided that the unsubscribed portion in either of such sub-categories may be allocated to applicants in the other sub-category of Non-Institutional Bidders and not more than 10% of the Net Offer shall be available for allocation to RIBs in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received from them at or above the Offer Price. Further, Equity Shares will be allocated on a proportionate basis to Eligible Employees applying under the Employee Reservation Portion, subject to valid Bids being received from them at or above the Offer Price (net of Employee Discount, if any), as applicable. All potential Bidders (except Anchor Investors) are required to mandatorily utilise the Application Supported by Blocked Amount ("**ASBA**") process by providing details of their respective bank accounts (including UPI ID for UPI Bidders) (Not defined hereinafter) in which the Bid Amount will be blocked by the SCSBs or the Sponsor Bank(s), as applicable, to participate in the Offer. Anchor Investors are not permitted to participate in the Anchor Investor Portion of the Offer through the ASBA process. See ***"Offer Procedure"*** on page 395 of the UDRHP-I.

This public announcement is being made in compliance with the provisions of Regulations 59C(9), 59C(9A) and 59C(10) of the SEBI ICDR Regulations to inform the public that our Company is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offering of its Equity Shares pursuant to the Offer and has filed the UDRHP-I along with the Draft Abridged Prospectus with SEBI and the Stock Exchanges on October 14, 2026. Pursuant to Regulation 59C(9), 59C(9A), and 59C(10) of the SEBI ICDR Regulations, the UDRHP-I filed with SEBI and the Stock Exchanges has been made public for comments, if any, for a period of at least 21 days from the date of publication of this public announcement by hosting it on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE and NSE at www.bseindia.com and www.nseindia.com, respectively, on the website of the Company at www.paramotordt.com and on the websites of the BRLMs, i.e. Motilal Oswal Investment Advisors Limited and Equirus Capital Limited *(Formerly known as Equirus Capital Private Limited)* at www.motilaloswal.com and www.equirus.com, respectively. Our Company hereby invites the public to give their comments on the UDRHP-I filed with SEBI and the Stock Exchanges, with respect to disclosures made in the UDRHP-I. The members of the public are requested to send a copy of the comments to SEBI and/or the Company Secretary and Compliance Officer of the Company and/or the BRLMs at their respective addresses mentioned herein. All comments must be received by SEBI and/or our Company and/or the Company Secretary and Compliance Officer of the Company and/or the BRLMs on or before 5.00 p.m. on the 21st day from the date of publication of this public announcement.

Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and Bidders should not invest any funds in the Offer unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Bidders are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the Offer. For taking an investment decision, Bidders must rely on their own examination of our Company and the Offer, including the risks involved. The Equity Shares in the Offer have neither been recommended, nor approved by the SEBI, nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the Updated Draft Red Herring Prospectus - I. Specific attention of the investors is invited to ***"Risk Factors"*** on page 20 of the UDRHP-I.

Any decision to invest in the Equity Shares described in the UDRHP-I may only be taken after the Red Herring Prospectus ("**RHP**") has been filed with the RoC and must be made solely on the basis of such RHP. The Equity Shares, when offered through the RHP, are proposed to be listed on Stock Exchanges.

For details of the share capital and capital structure, the names of the signatories to the Memorandum of Association ("**MOA**") and the number of shares of our Company subscribed by them, please see the section titled ***"Capital Structure"*** on page 81 of the UDRHP-I. The liability of the members of our Company is limited. For details of the main objects of our Company as contained in the MOA, please see the section titled ***"History and Certain Corporate Matters - Brief History of our Company"*** on page 244 of the UDRHP-I.

BOOK RUNNING LEAD MANAGERS		REGISTRAR TO THE OFFER
motilal oswal Investment Banking	equirus	MUFG MUFG Intime
Motilal Oswal Investment Advisors Limited Motilal Oswal Tower, Rahimtullah Sayani Road, Opposite Parel ST Depot, Prabhadevi, Mumbai - 400 025, Maharashtra, India **Telephone:** +91 22 7193 4380 **E-mail:** paramotor.ipo@motilaloswal.com **Investor Grievance ID:** moiaplredressal@motilaloswal.com **Website:** www.motilaloswal.com **Contact Person:** Kunal Thakkar/Shashank Pisat **SEBI Registration Number:** INM000011005	**Equirus Capital Limited** *(Formerly known as Equirus Capital Private Limited)* Unit No. 2601B, 26th Floor, A Wing, Marathon Futurex, Mafatlal Mills Compound, N. M. Joshi Marg, Lower Parel, Mumbai - 400 013, Maharashtra, India **Tel:** + 91 22 4332 0736 **Email:** paramotor.ipo@equirus.com **Investor Grievance ID:** investorsgrievance@equirus.com **Website:** www.equirus.com **Contact Person:** Siddh Vadecha/Vaibhav Khator **SEBI Registration Number:** INM000011286	**MUFG Intime India Private Limited** *(Formerly Link Intime India Private Limited)* C-101, Embassy 247, L B S Marg, Vikhroli (West) Mumbai - 400 083, Maharashtra, India **Tel:** +91 81081 14949 **E-mail:** paramotordigital.ipo@in.mpms.mufg.com **Investor Grievance ID:** paramotordigital.ipo@in.mpms.mufg.com **Website:** www.in.mpms.mufg.com **Contact Person:** Shanti Gopalkrishnan **SEBI Registration No.:** INR000004058

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the UDRHP-I.

For **PARAMOTOR DIGITAL TECHNOLOGY LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Nehal Ramniklal Shah
Company Secretary and Compliance Officer

Place: Mumbai
Date: October 14, 2026

PARAMOTOR DIGITAL TECHNOLOGY LIMITED, is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the UDRHP-I along with the Draft Abridged Prospectus dated October 14, 2026 with SEBI and the Stock Exchanges. The UDRHP-I along with the Draft Abridged Prospectus is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, as well as on the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE and NSE at www.bseindia.com and www.nseindia.com, respectively, on the website of the Company at www.paramotordt.com and on the websites of the BRLMs, i.e. Motilal Oswal Investment Advisors Limited and Equirus Capital Limited *(Formerly known as Equirus Capital Private Limited)* at www.motilaloswal.com and www.equirus.com, respectively. Any potential Bidders should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk and for details relating to such risk, see ***"Risk Factors"*** on page 20 of the UDRHP-I. Potential Bidders should not rely on the UDRHP-I along with the Draft Abridged Prospectus filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, when filed, for making an investment decision.

This announcement does not constitute an offer of the Equity Shares for sale in any jurisdiction, including the United States, and the Equity Shares may not be offered or sold in the United States absent registration under the US Securities Act of 1933 or an exemption from registration. Any public offering of the Equity Shares to be made in the United States will be made by means of a prospectus that may be obtained from the Company and that will contain detailed information about the Company and management, as well as financial statements. However, the Equity Shares are not being offered or sold in the United States.

It is to be distinctly understood that the permission given by Stock Exchanges should not in any way be deemed or construed that the Offer Document has been cleared or approved by Stock Exchanges nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Offer Document. The investors are advised to refer to the Offer Document for the full text of the Disclaimer Clause of NSE and BSE.

Adfactors 447/26

भक्ति, संस्कृति व उल्लास के संग छह दिवसीय भव्य गरबा महोत्सव का आगाज

कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में सजे विशाल मंच पर कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां

जागरण, रीवा। हिन्दू उत्सव समिति धर्म परिवार के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय श्री नवरात्रि गरबा महोत्सव का बुधवार को कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम प्रांगण में भव्य एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू के नेतृत्व में महानगरों की तर्ज पर सजे विशाल गरबा मंच पर पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों ने गरबा नृत्य के माध्यम से माता रानी की आराधना कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मंत्री राजेंद्र मिश्रा, रीवा लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी नीलम मिश्रा, मैहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई, वरिष्ठ नेता शिवप्रसाद प्रधान, धर्म परिवार के आजीवन संरक्षक डॉ. केके परोंहा, डॉ. सीबी शुक्ला एवं सुनील अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पुलिस कप्तान की विशेष उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। संचालन नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा एवं सांस्कृतिक सचिव राजमणि तिवारी भोला ने किया।

अतिथियों का स्वागत महासचिव सुरेश बिश्नोई, श्रीप्रकाश तोमर, युवा अध्यक्ष राजीव वर्मा गुड्डू, सुमित मांजवानी, मनीष साहू, कुलदीप गुप्ता, प्रभात सिंह, नागेंद्र वर्मा, राजेश नामदेव, राजेश साहू एवं महिला अध्यक्ष श्रीमती रिचा गुप्ता सहित समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने किया। परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू ने कहा कि यह महोत्सव धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का उत्सव है।

रंगीलो रास में गुजराती गरबा रास

पद्मधर पार्क ओपेन गरबा में महिला, युवतियों सहित शहरवासी झूमे

जागरण, रीवा। नवरात्रि महोत्सव में गुजरातकी पहचान गरबा, रास गरबा अब शहर की पहचान भी बनता जा रहा है। शहर के पद्मधर पार्क में बुधवार से रंगीलो रास का श्रीगणेश किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-युवतियों सहित युवाओं ने सहभागिता कर गुजराती गरबों की धुन पर रास गरबा कर अपना प्रदर्शन किया। आयोजन में संगीत, नृत्य के साथ ही पूरा माहौल मां की आराधना में लीन हो गया। रास गरबा की शुरूआत होने के पूर्व ही यहां दर्शकों की भी खासी भीड़ देखने को मिली। देर रात तक लोग गरबों पर थिरकते नजर आए। वहीं दर्शक भी गरबों की ताल पर झूमते, थिरकते रहे।

चिकित्सकों का आंदोलन: दो दिन काली पट्टी कर, आज दो घंटे बंद रहेगी ओपीडी

निलंबन वापस लेने की मांग पर अड़ा मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन, आपातकालीन सेवाएं रहेंगी चालू

जागरण, रीवा। श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में प्रसूता कल्पना मिश्रा की मौत के मामले में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के निलंबन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कार्रवाई के विरोध में मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन का आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा। चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर नियमित कार्य किया और निलंबन वापस लेने की मांग दोहराई। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि जब तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाताए तब तक आंदोलन चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। एसोसिएशन का कहना है कि प्रसूता की मौत गंभीर मामला है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए लेकिन संबंधित चिकित्सकों एवं नर्सिंग अधिकारियों का पक्ष सुने बिना निलंबन की कार्रवाई करना उचित नहीं है। संगठन ने इस कार्रवाई को निर्धारित प्रक्रिया के विपरीत बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की है। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के डीन को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की रूपरेखा से अवगत कराया गया था।

सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी ओपीडी

आंदोलन के अगले चरण में 15 अक्टूबर यानी आज सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक ओपीडी सेवाएं बंद रखने का निर्णय लिया गया है। एसोसिएशन के घोषित कार्यक्रम के अनुसार, 16 अक्टूबर को भी इसी समयावधि में ओपीडी बंद रखी जाएगी। इसके बाद भी मांगों पर सहमति नहीं बनने पर 17 और 19 अक्टूबर को पूरी तरह ओपीडी बंद रखने की चेतावनी दी गई है। हालांकि, आंदोलन के दौरान आपातकालीन सेवाएं चालू रखने की बात कही गई है।

निष्पक्ष जांच और निलंबन वापसी पर अड़ा संगठन

मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि निलंबन की कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की गई है। संगठन का कहना है कि किसी भी चिकित्सक या नर्सिंग अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई से पहले निष्पक्ष जांच और निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। एसोसिएशन ने निलंबन वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि निर्णय नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। आंदोलन के अगले चरण में ओपीडी बंद रहने से मरीजों को परेशानी होने की आशंका है। खासकर दूर-दराज के क्षेत्रों से इलाज के लिए आने वाले मरीज प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में गुरुवार को अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को ओपीडी सेवाओं के निर्धारित समय में बदलाव का ध्यान रखना होगा। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं का सहारा मिल सकेगा।

सांदिपनि विद्यालयों को मिलीं 25 नई बसें, जिले में संख्या बढ़कर 82 हुई

विद्यार्थियों को आवागमन में मिलेगी सुविधा, दूसरी ओर दो साल से भुगतान नहीं होने पर बस संचालक परेशान

जागरण, रीवा। जिले में संचालित सांदिपनि विद्यालयों में विद्यार्थियों के आवागमन की सुविधा बढ़ाने के लिए शासन की ओर से 25 नई बसें उपलब्ध कराई गई हैं। स्कूल शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, नई बसें रीवा पहुंच चुकी हैं। इनके शामिल होने से विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में सहूलियत मिलेगी और परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। हालांकि, एक ओर बसों की संख्या बढ़ाकर विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा देने की तैयारी है, वहीं दूसरी ओर बस सेवा का भुगतान अटकने से संचालकों की परेशानी भी बढ़ रही है। जिले में वर्तमान में 12 सांदिपनि विद्यालय संचालित हैं। इन स्कूलों में विद्यार्थियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पहले से 57 बसें संचालित हो रही थीं। अब 25 नई बसें मिलने के बाद यह संख्या बढ़कर 82 हो जाएगी। इससे स्कूलों में आने-जाने वाले विद्यार्थियों को राहत मिलने की उम्मीद है। खासकर उन विद्यार्थियों को लाभ मिल सकता है, जिन्हें स्कूल पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

देवघर को सात और डभौरा को मिलीं तीन बसें

बता दें कि इन नई बसों के मिलने से विद्यार्थियों के परिवहन की सुविधा बेहतर होगी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, देवघर को सात और डभौरा को तीन बसें मिली हैं। शेष बसों के आवंटन और संचालन से संबंधित विस्तृत जानकारी सामने आने के बाद परिवहन व्यवस्था की स्थिति और स्पष्ट होगी। नई बसों के उपयोग से स्कूलों में विद्यार्थियों के आवागमन को अधिक सुविधाजनक बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

दो साल से भुगतान नहीं, संचालकों की बढ़ी परेशानी

संदीपनी स्कूलों में बसों की संख्या बढ़ने के बीच बस संचालकों के भुगतान का मामला भी सामने आया है। बताया गया है कि बजट के अभाव में पिछले दो साल से बस सेवा का भुगतान नहीं हो पाया है। इससे बस संचालकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बसों के संचालन में ईंधन, चालक-परिचालक और रखरखाव सहित कई तरह के खर्च नियमित रूप से करने पड़ते हैं। ऐसे में भुगतान में लगातार देरी होने से संचालकों पर आर्थिक दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। अब सवाल यह है कि विद्यार्थियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के साथ बस संचालकों के लंबित भुगतान का समाधान कब होगा। यदि भुगतान में देरी जारी रहती है, तो बस सेवा के नियमित संचालन पर असर पड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग के सामने नई बसों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के साथ लंबित भुगतान की समस्या दूर करना भी महत्वपूर्ण होगा।

" जिले में 12 सांदिपनि विद्यालय संचालित हैं, जिसमें अभी तक 57 बसें छात्रों की सुविधाओं के लिए चलाई जा रही हैं, 25 नई बसें आ गई हैं। इनका संचालन जल्द शुरु होगा। छात्रों को इसका लाभ मिलेगा।

डॉ.पीएल मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी रीवा।

सात साल की कानूनी लड़ाई के बाद शिक्षक को मिली राहत

2019 में दी गई थी अनिवार्य सेवानिवृत्ति, न्यायालय के आदेश पर हुई ज्वाइनिंग

जागरण, रीवा। सात साल के लंबे संघर्ष और कानूनी लड़ाई के बाद माध्यमिक शिक्षक शैलेन्द्र मिश्रा की विद्यालय में वापसी हो गई है। वर्ष 2019 में अनिवार्य सेवानिवृत्ति दिए गए 16 शिक्षकों में शामिल मिश्रा ने न्यायालय के आदेश के बाद दोबारा सेवा ज्वाइन कर ली है। हालांकि, सेवा में वापसी के बाद भी उन्हें अब तक बीच की अवधि का 50 प्रतिशत बकाया वेतन नहीं मिला है। ऐसे में उनकी कानूनी लड़ाई का एक अहम पड़ाव तो पूरा हो गया है लेकिन आर्थिक राहत का इंतजार अभी बरकरार है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2019 में 16 शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी गई थी। इनमें शैलेन्द्र मिश्रा भी शामिल थे। इस कार्रवाई को चुनौती देते हुए उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। जहां पारित आदेश के अनुसार, उन्हें सेवा में वापस लेने और संबंधित अवधि का 50 प्रतिशत वेतन देने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आदेश के पालन में देरी हुई और शिक्षक को दोबारा कार्यभार ग्रहण करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। न्यायालय के आदेश का पालन नहीं होने पर शैलेन्द्र मिश्रा ने अवमानना याचिका दायर की। मामले में 15 अक्टूबर को न्यायालय के समक्ष पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत के पूर्व विभाग ने शिक्षक को विद्यालय में पुनः ज्वाइन करा दिया। हालांकि, 50 प्रतिशत बकाया वेतन का भुगतान अब भी लंबित है।

पाड़र हाईस्कूल में हुई पदस्थापना

शैलेन्द्र मिश्रा 31 जनवरी 2019 को खंडवा जिले से स्थानांतरित होकर रीवा जिले के शासकीय हाईस्कूल पाड़र पहुंचे थे।

संघर्ष के दौरान एक शिक्षक का निधन

इस पूरे प्रकरण में अनिवार्य सेवानिवृत्ति पाने वाले 16 शिक्षकों में शामिल यज्ञसेन श्यामले का निधन भी हो चुका है। वहीं, शैलेन्द्र मिश्रा की पुनः ज्वाइनिंग पर अध्यापक शिक्षक मोर्चा के संभागीय संयोजक डॉ.सुनील तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

टीआरएस कॉलेज के रोजगार मेले में 510 युवाओं का चयन

22 कंपनियों ने लिया हिस्सा, 923 अभ्यर्थियों ने कराया पंजीयन

जागरण, रीवा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत टीआरएस कॉलेज रीवा में आयोजित एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। मेले में 923 आवेदकों ने पंजीयन कराया, जबकि 22 कंपनियों ने 510 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने हिस्सा लेकर युवाओं की योग्यता के अनुसार चयन प्रक्रिया पूरी की। इसमें विनिर्माण, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बायोटेक्नोलॉजी, फैशन, बैंकिंग और बीमा क्षेत्र की कंपनियां शामिल रहीं। रीवा सहित प्रदेश के अन्य औद्योगिक क्षेत्रों और बाहर के शहरों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए।

सबसे अधिक महेन्द्रा एंड महेन्द्रा इंदौर में चयन

मेले में महेन्द्रा एंड महेन्द्रा इंदौर में सर्वाधिक 68 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया। एमआरएफटायर्स गुजरात में 43, सिटी कार प्राइवेट लिमिटेड सतना में 38, ऑल इंडिया सिक्स यार्ड विवर वेलफेयर में 34, एसबीआई क्रेडिट कार्ड में 32, न्यू जील फैशन प्राइवेट लिमिटेड धार में 30 तथा टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स बेंगलुरु में 28 युवाओं का चयन हुआ। इसी तरह हायर अप्लायंसेज इंडिया लिमिटेड पुणे में 27, सीआईआई एमसीसी इंदौर में 25, प्रतिभा सिंटेक्स प्राइवेट लिमिटेड पीथमपुर में 23, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा में 21 और प्रभा बायोप्लांट्स प्राइवेट लिमिटेड रीवा में 20 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया।

एपीएसयू में शारीरिक शिक्षा विभाग संचालक की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

हाईकोर्ट ने कहा, साक्षात्कार में शामिल होने के बाद चयन प्रक्रिया पर सवाल नहीं उठा सकते अभ्यर्थी

जागरण, रीवा। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग संचालक डॉ.रामभूषण मिश्रा की नियुक्ति को हाईकोर्ट जायज करार दिया है। न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता वअभ्यर्थी रहे पवन कुमार पचौरी की याचिका खारिज कर दी। याचिका में विश्वविद्यालय द्वारा जारी भर्ती विज्ञापनों, चयन प्रक्रिया और 6 अक्टूबर 2023 को जारी नियुक्ति आदेश को चुनौती दी गई थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि कोई अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया की जानकारी होने के बावजूद उसमें शामिल होता है और बाद में प्रतिकूल परिणाम आने पर प्रक्रिया को चुनौती देता है, तो ऐसा करना स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने चयन प्रक्रिया को कानून के अनुरूप पाया और नियुक्ति को निरस्त करने का आधार नहीं माना। मामले के अनुसार, विश्वविद्यालय ने 29 मार्च 2022 को विभिन्न शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसमें शारीरिक शिक्षा विभाग में एक अनारक्षित पद शामिल था। इसके बाद 1 अप्रैल 2022 को संशोधित विज्ञापन जारी किया गया, जिसमें तारांकन चिह्न के माध्यम से पद को संचालक के रूप में स्पष्ट किया गया था। भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ने के बाद 28 अप्रैल 2023 को पात्र अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित की गई। विश्वविद्यालय ने पात्रता संबंधी आपत्तियां दर्ज कराने के लिए 15 दिन का समय दिया था। अदालत के आदेश के अनुसार, याचिकाकर्ता ने निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। इसके बाद 29 अगस्त 2023 को आयोजित साक्षात्कार में वे स्वयं शामिल हुए। साक्षात्कार के 11 दिन बाद, 9 सितंबर 2023 को उन्होंने कुलपति को स्पीड पोस्ट के माध्यम से लिखित आपत्ति भेजी। इसमें पद के नाम में अस्पष्टता और साक्षात्कार मंडल की संरचना पर सवाल उठाए गए थे।

6 अक्टूबर 2023 को जारी हुआ था नियुक्ति आदेश

चयन समिति की अनुशंसा पर विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद ने 6 अक्टूबर 2023 को चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति को मंजूरी दी। इसी दिन शारीरिक शिक्षा विभाग के संचालक पद पर नियुक्ति आदेश जारी हुआ। नियुक्ति वेतनमान 144200 से 218200 रुपये, लेवल-14 में की गई। चयनित अभ्यर्थी ने 19 अक्टूबर 2023 को विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। बाद में 8 जनवरी 2024 को उन्हें विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 71 के तहत विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। याचिकाकर्ता का तर्क था कि प्रारंभिक विज्ञापन में प्रोफेसर पद का उल्लेख था, जबकि बाद के दस्तावेजों में संचालक पद और एनसीटीई के नियमों का जिक्र किया गया। उनका कहना था कि भर्ती प्रक्रिया में पदनाम को लेकर अस्पष्टता थी और योग्यता निर्धारित करने में यूजीसी विनियम, 2018 का पालन नहीं किया गया। दूसरी ओर, विश्वविद्यालय ने अदालत में कहा कि संशोधित विज्ञापन में तारांकन चिह्न के जरिए संचालक पद को स्पष्ट किया गया था। भर्ती पुस्तिका की सामान्य शर्तों में योग्यता, पात्रता और वेतनमान को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अपनाए गए यूजीसी नियमों के अनुसार निर्धारित करने की बात कही गई थी। विश्वविद्यालय ने चयन प्रक्रिया को नियम सम्मत बताते हुए याचिका खारिज करने की मांग की।

अतिथि शिक्षिका की लापरवाही से छात्र घायल

रीवा। शासकीय हाई स्कूल जड़कुड़ में अतिथि शिक्षिका की लापरवाही से एक छात्र के घायल हाने के आरोप लगे हैं। परिजनों के अनुसार क्लास टाइम के दौरान अतिथि शिक्षिका प्रीति पटेल कक्षा में कुर्सी पर बैठकर फोन चला रही थीं और बच्चे क्लास में खेल रहे थे। इसी दौरान छोटे बच्चे का पैर फिसलने से वह गिर गया, जिससे उसके मुंह, होंठ और दांतों में गंभीर चोट आ गई और खून बहने लगा। जब परिजनों ने मैडम से इस बारे में पूछा तो आरोप है कि मैडम ने कहा कि मुझसे दादागिरी मत दिखाइए, मुझे मतलब नहीं बच्चे क्या कर रहे हैं क्या नहीं। परिजनों का कहना है कि जब शिक्षक ही क्लास में ध्यान नहीं देंगे तो बच्चों की सुरक्षा की जवाबदारी किसकी होगी? इस घटना के बाद से ग्राम में नाराजगी है। ग्रामीणों और परिजनों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच कर दोषी शिक्षिका पर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी और बच्चे के साथ ऐसी घटना न हो।

जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान
JAWAHARLAL INSTITUTE OF POSTGRADUATE MEDICAL EDUCATION & RESEARCH
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family Welfare)
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA, धन्वंतरि नगर, पुदुच्चेरी / Dhanvantari Nagar, Puducherry- 605 006
वेबसाइट / Website: www.jipmer.edu.in ई-मेल / Email: jipmer.deputation@gmail.com दूरभाष /Phone: 0413-2296022

सं. जिप / प्रशा-1 / भर्ती 03(1) / 1 / 2026 दिनांक: 15.10.2026

निदेशक, जिपमेर द्वारा केंद्र / राज्य / संघ राज्य-क्षेत्र सरकारों / विश्वविद्यालयों / केंद्र सांविधिक / स्वायत्त निकायों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अनुसंधान एवं विकास संगठनों के पात्र अधिकारियों से जिपमेर, पुदुच्चेरी में वित्तीय सलाहकार (प्रतिनियुक्ति के आधार पर) के वर्ग "क" पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिसका विवरण इस प्रकार है:

क्रम सं.	पद का नाम	पे मैट्रिक्स (7वें वेतन आयोग के अनुसार)	रिक्ति
1	वित्तीय सलाहकार	स्तर -12 (₹78,800 - 2,09,200)	1

उपर्युक्त पद के लिए आवेदन का प्रारूप तथा वेतनमान, आयु, अर्हता, अनुभव एवं अन्य पात्रता शर्तों से संबंधित अन्य विवरण जिपमेर की वेबसाइट "www.jipmer.edu.in" पर उपलब्ध हैं। भरे हुए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख **16.11.2026 को शाम 4.30 बजे तक है।**

निदेशक

MP BIRLA GROUP
बिरला केबल लिमिटेड
सीआईएन: L31300MP1992PLC007190
पंजीकृत कार्यालय: उद्योग विहार, पी.ओ. चोरहटा, रीवा - 486 006 (म.प्र.)
टेलीफोन नंबर: +91-7662-400580; फैक्स नंबर: +91-7662-400680
ई-मेल: headoffice@birlacable.com; वेबसाइट: https://www.birlacable.com

शेयरधारकों के लिए सूचना

भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और अभौतिकीकरण के लिए विशेष विंडो

शेयरधारको को एक **बार फिर** से सूचित किया जाता है कि सेबी के सर्कुलर नंबर एचओ/38/13/11(2)2026-एमआईआरएसडी-पीओडी/आई/3750/2026 ("सेबी सर्कुलर"), दिनांकित 30 जनवरी, 2026 के अनुसार, भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैटीरियलाइजेशन ("डीमैट") के लिए एक और विशेष विंडो 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक, एक वर्ष की अवधि के लिए उन निवेशकों के लिए खोली गई है, जिन्होंने 1 अप्रैल, 2019 से पहले कंपनी की भौतिक प्रतिभूतियां बेची/खरीदी थीं, और (i) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए भौतिक प्रतिभूतियां जमा नहीं की थीं, या (ii) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए भौतिक प्रतिभूतियां जमा की थीं, लेकिन दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी या किसी अन्य कारण से उन्हें अस्वीकृत/वापस कर दिया गया था/उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

इस विंडो की प्रयोज्यता के संबंध में अधिक स्पष्टता के लिए, कृपया नीचे दी गई मैट्रिक्स देखें:

हस्तांतरण विलेख के निष्पादन की तिथि	क्या आपने 1 अप्रैल, 2019 से पहले स्थानांतरण के लिए आवेदन किया था?	क्या मूल सुरक्षा प्रमाणपत्र उपलब्ध है?	क्या आप वर्तमान समय सीमा में आवेदन करने के पात्र हैं?
1 अप्रैल, 2019 से पहले	नहीं (यह नया आवेदन है)	हाँ	√
1 अप्रैल, 2019 से पहले	हाँ (यह पहले अस्वीकार/वापस कर दिया गया था)	हाँ	√
1 अप्रैल, 2019 से पहले	हाँ	नही	×
1 अप्रैल, 2019 से पहले	नही	नही	×

इस प्रकार हस्तांतरित प्रतिभूतियाँ अनिवार्य रूप से केवल डीमैट मोड में ही हस्तांतरिती के खाते में जमा की जाएँगी और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक-इन अवधि में रहेंगी। इस लॉक-इन अवधि के दौरान ऐसी प्रतिभूतियों को हस्तांतरित/ग्रहणाधिकार-अंकित/गिरवी नहीं रखा जा सकता है। हस्तांतरणकर्ता और हस्तांतरिती के बीच विवादों से संबंधित मामले और वे प्रतिभूतियाँ जिन्हें निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में हस्तांतरित किया गया है, इस प्रक्रिया के अंतर्गत विचार के लिए नहीं ली जाएँगी।

शेयरधारको को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा अनुरोध किया जाता है कि वे मूल प्रतिभूति प्रमाणपत्र, शेयर हस्तांतरण विलेख, क्लाइंट मास्टर लिस्ट (सीएमएल) और उपरोक्त सेबी सर्कुलर में सूचीबद्ध सभी अन्ये दस्तावेज कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट्स ('आरटीए'), नामतः एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (यूनिट: बिरला केबल लिमिटेड), सी-101, एम्बेसी 247, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई - 400083 को प्रस्तुत करें।

किसी भी पूछताछ के लिए, शेयरधारको से अनुरोध किया जाता है कि वे आरटीए को investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर या कंपनी को investorgrievance@birlacable.com पर सेवा अनुरोध करें।

वास्ते बिरला केबल लिमिटेड

हस्ता/-
(सुमन)
कम्पनी सचिव

तिथि : 14 अक्टूबर, 2026
स्थान : गुरूग्राम